
हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर, 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

नवरात्रि विशेष



## अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरूप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी है। देवी महागौरी ने पार्वती रूप में महादेव को पति के रूप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की हो गई, तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत हैं। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती है। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# 701 किलो फल से सजा मां का दरबार

## अनार, सेब के साथ नीबू की मालाओं से भी सजाया



*राजनांदगांव। डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दरबार को बुधवार षष्ठमी के अवसर पर फलों से सजाया गया। दरबार में कुल 701 किलो फल का उपयोग सजावट में किया गया। इनमें अनार, सेब सहित लगभग सभी प्रकार के फल शामिल रहे। ज्ञात हो कि नवरात्र के शुरुआत में दरबार को फूलों से भी सजाया गया था।*

*माता बम्लेश्वरी के दरबार में पंचमी के दो अभिषेक के ऐतिहासिक पूजन के साथ ही षष्ठमी को माताजी का 701 किलो फल और फूल से विशेष अभिषेक पूजन किया गया। बिलासपुर से आए सजावटकर्ताओं ने घंटों मेहनत के बाद प्रातःकालीन माताजी के नीबू की माला, केला, सेब, संतरा, मोसंबी, अनानस, बेर, तरबूज सहित विभिन्न किस्म के फलों का भोग प्रसाद के साथ ही माताजी का विशेष श्रृंगार भी किया।*

# डोंगरगढ़ के लिए ट्रेनों में दोगुनी भीड़ एक्सप्रेस में पैर रखने की जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लाखों की संख्या में लोग रोजाना डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन दिनभर में डोंगरगढ़ के लिए किया है। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हो रही है। आलम ये है कि ट्रेन से डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। माता के दर्शन के लिए भौड़ में धक्के खाते हुए लोग सफर करने को मजबूर हैं।

स्टेशन पर सुबह 7 से लेकर रात 9 बजे तक हर एक से दो घंटे के बीच में यात्रियों को डोंगरगढ़ के लिए ट्रेन की सुविधा मिल रही है। हरिभूमि ने बुधवार को लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों का जायजा लिया। जल्दी पहुंचने के लिए ज्यादातर यात्री लोकल के बजाय एक्सप्रेस से डोंगरगढ़ जाना चाहते हैं। इस वजह जिन ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ दिया गया है, उनमें इन दिनों भारी भीड़ है। जनशताब्दी, शिवनाथ, आजाद हिंद समेत हावड़ा-अहमदाबाद में मेले के सामन भीड़ देखने को मिली। राजनांदगांव के अलावा रायपुर और दुर्ग में एक ट्रेन में एक साथ 150 से 200 यात्री डोंगरगढ़ के लिए चढ़ रहे हैं। स्टेशन में लोकल ट्रेनों के 10 हजार से अधिक टिकट बिक रहे हैं। ऑनलाइन टिकट खरीदने वालों की संख्या भी हजारों में है।

## यात्रियों को हो रही परेशानी



### ट्रेनों में ठसाठस

रायपुर व आसपास के स्टेशनों से बड़ी संख्या में हर दिन लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में रायपुर से आगे-जाने वाली ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों की भीड़ दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्टेशन में अलग शिफ्टों में सुरक्षा जवानों को प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में तैनात किया गया है। डोंगरगढ़ मेले के दौरान रायपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाई गई है।

### 50 हजार से अधिक यात्री

पंचमी में ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। मंगलवार को 50 हजार से अधिक यात्रियों ने दर्जन लोकल व एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। डोंगरगढ़ से भी वापसी में यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। रायपुर से डोंगरगढ़ जाने एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री कंफर्म सीट के लिए रिजर्वेशन करा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच है। वंदेभारत में नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ जाने के लिए काफी यात्री मिल रहे हैं। 500 से अधिक सीटों में 450 सीटें रोजाना बुकिंग देखने को मिल रही है।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक 14 को

**राजनांदगांव।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव की साधारण सभा बैठक 14 अक्टूबर को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

0 **राजनांदगांव।** क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में दर्शनार्थियों की सुविधाओं को देखते हुए भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है, लेकिन शहर में भारी वाहनों की आवाजाही बनी हुई है।

### माय एंगल




## किसानों को मिलेगा फायदा, तीनों जिलों में सेंटर खुलना शुरू

# सहकारी समितियों में खोले जा रहे सीएससी सेंटर, अब तक 132 खुले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की धान खरीदने वाली सेवा सहकारी समिति अब हाईटेक होने जा रही है। धान खरीदी के पूर्व सभी सहकारी समितियों में कामन सर्विस सेंटर खोले जाएंगे। इसकी शुरूआत भी राजनांदगांव सहित मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले में की जा चुकी है।

तीनों जिलों की कुल 132 सहकारी समितियों में सीएचसी खोले जा चुके हैं। इनमें राजनांदगांव जिले में 74, मोहला-मानपुर जिले में 19 एवं खैरागढ़ जिले की 39 सहकारी समितियों में सीएचसी आईडी जनरेट की जा चुकी है। शेष में भी एक महीने के भीतर आईडी जनरेट करने का काम कर लिया जाएगा। कामन सर्विस सेंटर शुरू होने के साथ ही किसानों को अब अपने कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा किसानों को गांव में ही सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा पर कार्य किया जा रहा है। पूर्व में जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों को समिति बनाने के निर्देश दिए गए हैं और अब नए निर्देश के तहत सभी सहकारी समितियों में कामन सर्विस सेंटर खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन द्वारा जारी निर्देश के तहत सहकारिता विभाग द्वारा पुरानी 400 से अधिक समितियों के आईडी जनरेट करने का काम शुरू कर दिया है।

### आईडी बन रही

सरकार के निर्देश अनुसार सभी सहकारी समितियों के नाम से भी सीएचसी की आईडी जनरेट की जा रही है। महीनेभर के भीतर शत-प्रतिशत काम पूरा कर लिया जाएगा।

- **सौरभ मिश्रा**, प्रभारी, ई-डिस्ट्रिक

### खास बातें

- किसानों को अब सोसाइटी में ही मिल जाएगी सुविधा
- जिले में चार सौ सेंटर इस योजना के तहत खुलेंगे



### समितियों को किया गया ऑनलाइन

सहकारी समितियों को ऑनलाइन किए जाने का कार्य पिछले वर्ष किया गया है। जिससे खरीदी एवं धान बीज वितरण के कार्य सीधे शासन की निगरानी में होने लगे हैं। खरीदी की जानकारी अब प्रतिदिन दी जाती है। पूर्व में यह सब काम मैन्युअल हुआ करता था। इससे अब ऑनलाइन होने से सभी समिति के कर्मचारियों का काम आसान हो गया है।

### समिति प्रबंधकों के नाम से आईडी

बताया गया कि सीएचसी खोलने के बाद अलग से स्टॉफ नहीं रखा जाएगा, बल्कि उपलब्ध कर्मियों से ही यह काम कराया जाएगा। यही कारण है कि समिति प्रबंधकों के नाम से ही आईडी जनरेट की जा रही है। इससे समितियां अब ऑनलाइन होने के साथ अपडेट हो जाएगी। जिसके लिए किसानों को गांव में चलने वाले सीएससी जाना पड़ता था। अब उन्हें अपने विभागीय कार्य से संबंधित दस्तावेज पूर्ण कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### इस तरह हो पाएंगे काम

सीएससी शुरू होने के बाद खाता खोलने के साथ जमीन के रिकार्ड दुरूस्तीकरण एवं जमीन की नकल निकालने के भी कार्य की सुविधा किसानों को मिल सकेगी। जिसके लिए अब तक किसानों को ब्लॉक या जिला मुख्यालय आकर इस कार्य को कराने की मजबूरी रहती थी। कामन सर्विस सेंटर खोले जाने के साथ क्षेत्र के युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# रेस्ट हाउस में खाना बनाने वाले मजदूर से बदसलूखी, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फारेस्ट रेस्ट हाऊस में खाना बनाने वाले से बदसूली, गाली-गलौज कर जब से पैसे निकालने की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी चंद्रशेखर वर्मा पिता सेवकराम वर्मा 51 साल साकिन ग्राम कल्याणपुर जो करवारी फारेस्ट नाका में खाना बनाने का मजदूरी कार्य करता है। 8 अक्टूबर एवं 9 अक्टूबर के बीच रात्रि में करवारी फारेस्ट रेस्ट हाउस में खाना गरम कर मेला ड्यूटी में आए अधिकारियों के लिए खाना परोस रहा था। उसी समय डोंगरगढ़ का राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल खाना बनाने वाले रूम में आकर हम लोग पत्रकार हैं, बोलते प्रार्थी के साथ गाली-गलौज किए और खाना लगाओ बोले।

प्रार्थी द्वारा अभी साहब लोगों को खाना दूंगा कहने पर राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल ने दारू पीने के लिए पैसे दो कहते प्रार्थी के पैंट की जेब में हाथ डालकर 500 रुपए निकाल लिए एवं प्रार्थी से धक्का-मुक्की कर जान से मार देने की धमकी दिए। जिसकी लिखित शिकायत पर थाना डोंगरगढ़ में धारा-296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार
डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आथोडोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन )
मिलने का समय - प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

# अस्पताल में विवाद, डॉक्टर का प्रभार से इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिना टेंडर प्रक्रिया के जिला चिकित्सालय परिसर में जन औषधि केंद्र संचालन करने चिकित्सक पर दबाव और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस विषय में कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के चलते आरएमओ ने अपने प्रभार से इस्तीफा दे दिया।

इस पूरे मामले को लेकर आरएमओ डॉ. महेंद्र प्रसाद ने बताया कि वह अपनी ड्यूटी में थे। इस दौरान दोपहर के वक्त सीएस ने जन औषधि और रेड क्रॉस मेडिकल स्टोर के मामले में बात करने उन्हें अपने केबिन में बुलाया। वहां रेडक्रॉस के कोई मनीष और अग्रवाल पहले से बैठे थे। इस दौरान बात चली कि अस्पताल परिसर में संचालित रेडक्रॉस मेडिकल की जगह जनऔषधि केंद्र चालू किया जाएगा, तब वहां मौजूद अग्रवाल इस बात पर अड़ गए कि जनऔषधि केंद्र का टेंडर ना करते हुए इसका संचालन सीधे उन्हें करने दिया जाए। डॉ.प्रसाद ने कहा कि मेरे द्वारा कहा गया कि बिना टेंडर ऐसा नहीं किया जा सकता। इसके बाद वे अनर्गल बातें करने लगे और हॉट-टॉक होते ही मैं वहां से चला गया।

### प्रबंधन ने नहीं की कार्रवाई

आरएमओ डॉ. महेंद्र प्रसाद ने बताया कि उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि बिना टेंडर प्रक्रिया के जनऔषधि केंद्र के लिए मैं हामी नहीं भरूंगा और साइन भी नहीं करूंगा। जिससे वह नाराज हो गए। आरएमओ डॉ. प्रसाद ने कहा कि ऑनड्यूटी डॉक्टर को सीएस के चेंबर में धमकाया जाना कानूनी मामले के दायरे में है। ऐसी धमकी दी जाती है तो विभागीय शिकायत 6 घंटे के भीतर होनी चाहिए, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मैंने इस पद से इस्तीफा देना उचित समझा।


### इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया

आरएमओ प्रक्रिया समझ रहे थे, इस दौरान बहस हो गई, मामला शिकायत योग्य नहीं था। आरएमओ को भी समझाया गया है और उनका प्रभार से इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है।

- **डॉ. यूएस चंद्रवंशी**
सीएस, जिला चिकित्सालय

# बंगाल की खाड़ी से आने लगी नमी, एक सप्ताह बाद मानसून की विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन शुरू हो गया है। जिसके चलते सुबह और देर रात ठंड का एहसास भी होने लगा है। हालांकि अब भी दिन का तापमान जिले में 33 पार है। राजनांदगांव प्रदेश के लगभग शहरों से गर्म है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार एक सप्ताह बाद से मानसून की विदाई प्रदेश में शुरू हो जाएगी। 15 अक्टूबर के करीब अंचल से मानसून विदा हो सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है। जिसके कारण प्रदेश के 1-2 स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। इसका असर अंचल में भी देखने को मिल सकता है।

**रायपुर, दुर्ग से गर्म नांदगांव :** राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जैसे शहरों से भी अधिक पर बना हुआ है। बुधवार को अंचल का अधिकतम पारा 33.4 डिग्री पर रहा। यह सामान्य से लगभग साढ़े चार डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तामपान 24 डिग्री के करीब जा पहुंचा है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम पारा में भी गिरावट संभव है।

# इंदिरा सरोवर के आसपास गंदगी का आलम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के विशाल इंदिरा सरोवर के आसपास फैली गंदगी से यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। पालीथिन से लेकर अन्य गंदगी व कचरे यही फेंके जा रहे हैं। जिससे आसपास का वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। वहीं तालाब की सौंदर्यता पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। शहर के भरकापारा पुराना बस स्टैंड के पास स्थित ऐतिहासिक तालाब इंदिरा सरोवर के आसपास गंदगी का आलम बना हुआ है। अपर्याप्त सफाई व्यवस्था के चलते तालाब के किनारे जहां गंदगी का फैलाव है। वहीं दूसरी ओर तालाब के मेड़ किनारे लगातार गंदगी पसरती जा रही है।

### सफाई का अभाव

तालाब के चारों ओर नियमित रूप से सफाई के अभाव में तालाब के किनारे गंदगी इस कदर है कि आसपास का इलाका प्रदूषित होने लगा है। ज्ञात हो कि इस तालाब में बड़ी संख्या में आसपास के लोग निस्तारी के लिए पहुंचते हैं। तालाब के आसपास विशेष रूप से सफाई अभियान चलाए जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है।



### भव्य तालाब पर ध्यान देने की जरूरत

तालाब के आसपास के रहवासियों ने बताया कि यहां कचरा व गंदगी फेंकने पर रोक लगाई जानी चाहिए। वहीं संबंधित विभाग को सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। शहर के गिने-चुने तालाबों में इंदिरा सरोवर भव्य तालाब है। जिसका संरक्षण-संवर्धन पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

### मार्ग के किनारे गंदगी का ढेर

बताया गया कि तालाब के किनारे से जाने वाले मार्ग के दोनों ओर गंदगी का ढेर लगने लगा है। पालीथिन सहित अन्य गंदगी से इस मार्ग से आवागमन करने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां की गंदगी फैलकर तालाब तक पहुंच रही है। जिससे तालाब की सौंदर्यता पर विपरीत असर पड़ने लगा है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365




जय जग जननी आदि भवानी, जय महिषासुर मारिणी मां।
उमा रमा गौरी ब्रह्माणी, जय त्रिभुवन सुख कारिणी मां ।।


आदर्श दुर्गा उत्सव समिति-रामपुर (खटूटोला)



माँ अम्बे दुर्गा उत्सव समिति-रामपुर


माँ शारदे सरस्वती उत्सव समिति-रामपुर


अखण्ड एकता सरस्वती उत्सव समिति- नारायणगढ़



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति- नारायणगढ़


श्रद्धा युवा माँ अम्बे उत्सव समिति- नारायणगढ़


माँ पूजा सरस्वती उत्सव समिति-शीतला चौक पाटेकोहरा


माँ शीतला उत्सव समिति-बापूटोला


जेवरतला रोड - नव जागृति दुर्गा उत्सव समिति औंरी


हरदी-माँ भानेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति सिंघोला

## हवन पूजन के साथ होगा ज्योति कलशों का विसर्जन

# नवरात्रि में रिकार्ड श्रद्धालुओं ने दर्ज कराई अपनी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी के दरबार में सालों से नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है किन्तु इस साल की क्वांर नवरात्र कई मायनों में ऐतिहासिक है। बीते कई सालों बाद माता के दरबार में छग के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के दर्शनार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराया। पंचमी के एक दिन पूर्व एक महिला की मौत और कुछ लोगों के घायल होने की घटना के बाद दर्शनार्थियों की भीड़ में कमी देखा गया।



जानकारी के अनुसार कल 10 अक्टूबर सप्तमी अभिषेक को लेकर ट्रस्ट समिति ने उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर की तैयारी किया है। कहा जाता है कि सप्तमी की रात्रि को सबसे बड़ा अभिषेक होता है, जिसमें माता अपना स्वरूप बदलती है। रात्रि 11 बजे से अभिषेक की तैयारी शुरू होती है। रात 12 बजे माता की भव्य आरती के साथ अष्टमी की शुरूवात एवं सप्तसती पाठ एवं हवन की अनुमति लेकर प्रातः उपर मंदिर में हवन पूजन, नीचे मंदिर में अष्टमी हवन शुरू किया जाता है। अष्टमी हवन की आहुति और काल भैरव एवं छिनमस्ता माता के आव्हान के साथ नवमी को मनोकामना ज्योति कलशों के विसर्जन की तैयारी की जाती है। ज्योति कलश विसर्जन के साथ आदिशक्ति की आराधना का पर्व संपन्न होगा।

## आरती के साथ माता का प्रतिदिन भोग श्रृंगार

**छुईखदान।** नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों के बीच विद्युत चौक में विराजमान मां महाकाली का श्रृंगार चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां दशकों से मां काली की स्थापना कर भक्त भक्तिभाव से सेवा करते आ रहे हैं। यहां विराजित मां काली की प्रारंभ से सेवा पूजा करने वाले पं मनोज चौबे ने बताया कि यहां मां काली की स्थापना वैदिक रीति से किया जाता है। प्रतिदिन सुबह शाम आरती किया जाता है। माता का प्रतिदिन भोग श्रृंगार जारी है। उल्लेखनीय है कि नगर के दक्षिण छोर पर मां महाकाली स्वयंभू विराजमान हैं। वहीं उत्तरी छोर में दस दिवस के लिए मां महाकाली क्वांर नवरात्रि में विराजमान होती है। पर्व को लेकर समिति के लोगों सहित भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



# किराना दुकान की आड़ में शराब की अवैध बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पुलिस ने पंडरिया वार्ड 3 में एक किराना दुकान में शराब पिलाने का खुलासा किया। पुलिस ने दुकान मालिक सोनसिंह निर्मलकर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से देशी शराब और अन्य सामग्री बरामद किया है।

पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि वार्ड 3 डिव्हार चौक पंडरिया में एक किराना दुकान में शराब पीने की सुविधा एवं साधन उपलब्ध कराया जा रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुकान मालिक सोनसिंह निर्मलकर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दुकान से 2 नग देशी प्लेन के पौवा, 4 नग देशी प्लेन का खाली पौवा, 2 नग डिस्पोजल गिलास और 05 नग पानी पाउच बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36 (C) के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया गया है।

## जिले को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला को 2 साल की अवधि पूर्ण होने पर आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। संस्था प्रमुख आईएसओ ने गत दिनों प्रमाण पत्र जारी किया। नवीन जिला में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, कानून व्यवस्था, जनता से जुड़े हुए कार्यों का निष्पादन, बेहतर राजस्व वसूली के लिए यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। आईएसओ द्वारा जारी प्रमाण पत्र को अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले ने कलेक्टर एस जयवर्धन को भेंट किया।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## नवीन भवन का लोकार्पण आज

**मेढ़ा।** मेढ़ा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा खाद्य गोदाम मे संचालित है। यहां बने नवीन भवन का लोकार्पण कल 10 अक्टूबर को बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल के आतिथ्य में होगा। इस मौके पर शशिकांत द्रिवेदी, सुरजेराम देवांगन सहित बैंक कर्मचारी, प्रबंधक एसडी केसरी, उप प्रबंधक संजय साहू , मनीषा, संजय गेडाम मौजूद रहेंगे।

## परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि आज

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा नवंबर में आयोजित होने वाली दसवीं एवं 12वीं परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। ओपन स्कूल या अन्य बोर्ड से अनुत्तीर्ण विद्यार्थी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में उपस्थित होकर फॉर्म जमा कर सकते हैं। आवेदकों को अंकसूची, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति एवं तीन पासपोर्ट फोटो लेकर आना होगा। विलंब शुल्क के साथ आवेदन कल 10 अक्टूबर तक जमा होंगे।

## मेढ़ा में पंडवानी गायन का कार्यक्रम आज

**मेढ़ा।** मेंढ़ा में मां सरस्वती उत्सव समिति महावीर पारा ने पंडवानी गायक देवेंद्र वर्मा बाघमारा का कार्यक्रम कल 10 अक्टूबर को रात्रि में रखा है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में आकर पंडवानी का लुफ्त उठाने का आग्रह किया है।




# सदस्यता अभियान में डोंगरगांव मंडल पिछड़ा

- बैठक में हुई समीक्षा, 15 तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश



**डोंगरगांव।** वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने बुधवार को सदस्यता अभियान की समीक्षा की। बैठक में श्री पारख ने अभियान को तेज करते हुए 15 अक्टूबर तक निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु जुटने का आव्हान किया।

शुभारंभ के बाद मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने सदस्यता अभियान की प्रगति की सिलसिलेवार जानकारी दी। जिला सदस्यता प्रभारी आभा तिवारी ने अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि डोंगरगांव मंडल कुछ दिनों पूर्व तक जिले में दूसरे स्थान पर था, लेकिन अब यह पिछड़ चुका है। मंडल को पहले एवं दूसरे स्थान में आने के लिए कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करना होगा। श्री पारख ने सक्रिय सदस्य बनाने सहित अन्य बातों का उल्लेख करते हुए बताया कि सदस्यता अभियान का ऑनलाइन पोर्टल आगामी 15 अक्टूबर को बंद हो जाएगा। इसके पश्चात सभी प्रभारी एवं पदाधिकारी ऑफलाइन पद्धति एवं मैनुअल रूप से सदस्य के जोडन्ने की प्रक्रिया को निरंतर जारी रखते हुए सदस्यता अभियान को गति प्रदान करेंगे। बैठक में रानू जैन, जागेश्वर यादव, डिकेश साहू, संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, तरूण नायक, रोहित साहू, रूखम चंद्रवंशी, निर्मला सिन्हा, कोमल साहू, टुम्मन साहू, दिनेश साहू, दिलीप साहू, जितेन्द्र सिन्हा, राकेश देवांगन, मोहन सिन्हा, दयानंद सेन, मनबोधी पटेल, पुरूषोत्तम साहू, चंद्रेश श्रीवास, सतीश पाण्डेय, जनक साहू, राधेश्याम कमरिया, पूनमसिंह राजपूत, तखतराम सोनकर, जॉनीवाकर साहू, तिमेश साहू, हेमंत साहू, किशोर यादव, मोहन पाल, नसीब रात्रे, रेखन वर्मा, संतोष सोनी, बिरेन्द्र साहू, कमल साहू, पुरूषोत्तम सिन्हा, जिवधन वर्मा, आत्माराम रात्रे, यदु नायक, महेश अत्री, टेकराम निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## अछोली में रिकार्डिंग डांस स्पर्धा आज

**डोंगरगढ़।** अछोली में जय मां दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कल 10 अक्टूबर को रात्रि 7 बजे से रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्रुप डांस में विजेताओं को क्रमशः 10001, 5001, युगल डांस में 3501, 2101, 1501 रुपए, एकल डांस में 3001, 2001, 1001 रुपए दिया जाएगा। आयोजकों ने ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।




# राज्यपाल पहुंचे देवी के दरबार



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

देवी दर्शन करने महामहिम राज्यपाल रमन डेका के यहां पहुंचने पर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों, अधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होने मां बम्लेश्वरी दरबार में आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा, व्यवस्था, परम्परा के अनुसार होने वाली पूजा आदि के संबंध में चर्चा किया। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, एसडीएम मनोज मरकाम उपस्थित थे।

## कौशिक का स्वागत



विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धर्मलाल कौशिक ने मां बम्लेश्वरी के दरबार में उपस्थिति दर्ज करा पूजा अर्चना किया। श्री कौशिक के पहुंचने पर बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, अमित जैन, महेन्द्र भाई पटेल, संतुराव अन्ना, परविंदर सिंग मोन्टी, पप्पू नामदेव, आवेश निगम, मयंक डोंगरे सहित अन्य उपस्थित थे।



## बघेल ने किया पूजा-अर्चना

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां पहुंचकर मां बम्लेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। उन्होंने कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से भेंट किया।

इस मौके पर श्री बघेल ने हरियाणा चुनाव परिणाम को लेकर भाजपा सरकार को आडे हाथ लेते हुए ईव्हीएम मशीन पर सवाल उठाए। उन्होने कहा कि हरियाणा की जनता कांग्रेस के पक्ष में थी और पूरा माहौल कांग्रेसमय था। चुनाव बैलेट पेपर से होता तो कांग्रेस की जीत तय थी।

उन्होंने नक्सलवाद को लेकर कहा कि कांग्रेस शासनकाल में इस पर अंकुश लगाने के लिए कदम आगे बढ़ाया गया था। उन्होंने अबूझमाड़ के 600 गांव से नक्सलियों से खाली कराने की बात कहते बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुल, पुलिया, सड़क एवं अन्य विकास कार्यों से लोगों तक लाभ पहुंचाया गया था। इस दौरान विधायक दलेश्वर साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, भोलाराम साहू, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, नवाज खान, संध्या देशपांडे, विष्णु लोधी, विजय राज चौहान, पालिका अध्यक्ष सुदेष मेश्राम, धीरज मेश्राम सहित अन्य उपस्थित थे।

# रायपुर में जारी कम्प्यूटर आपरेटरों की हड़ताल



**सड़क अतरिया।** धान खरीदी केन्द्रों के कम्प्यूटर आपरेटर अपनी दो सूत्रीय मांग को लेकर 22 दिनों से अनिश्चित कालिन हड़ताल पर है। प्रशासन ने समस्या हल कर हड़ताल समाप्त कराने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं किया है। क्षेत्र के सभी कम्प्यूटर राजधानी के धरना स्थल पर डेरा डाले हुए हैं। हड़ताल से सोसायटियों का आनलाईन काम पखवाड़े भर से बंद है। गौरतलब है कि हड़ताल के चलते गत 18 सितंबर से सहकारी समितियों का कार्य बाधित है। करीब डेढ़ माह पहले कम्प्यूटर आपरेटरों ने तीन दिवसीय हड़ताल कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दिया था। लंबित दो मांग के पूरा नही होने पर संघ के आव्हान पर आपरेटर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। केन्द्रों में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटरों को करीब 17 साल बाद भी नियमित नहीं किया गया है और न उनके वेतन में अपेक्षित वृद्धि हुई है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हरियाणा में जीत पर बांटी जलेबी

**गंडई पंडरिया।** हरियाणा में भाजपा की जीत पर बुधवार को गंडई मंडल के भाजपाइयों ने थाना के सामने 8 किलो जलेबी बांट कर खुशी मनाया। हरियाणा से गंडई आए जलेबी बनाने वाले से 8 किलो जलेबी बनवाया गया था। इस दौरान राकेश ताम्रकर, अनिल अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, जीवनदास रात्रे, विक्की कुर्रे, राकेश टंडन, आकाश अम्बर यादव, हमेश यदु, वकील रमाकांत चौबे, हुसैन खान सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा में पार्टी की जीत पर जलेबी वितरण किया जा रहा है।

### अन्य राज्यों में भी खिलेगा कमलः कोमल

**सड़क अतरिया।** हरियाणा में



जीत पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीत से स्पष्ट हो गया है कि जनता भाजपा की नीति और रीति के साथ मोदी की गारंटी पर भरोसा करती हैं। भाजपा जन हितैषी मुद्दों पर चुनाव लड़ती है और जन कल्याणकारी योजनाओं से गरीब, मजदूर, किसान, युवा का उत्थान करती है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सहित अन्य राज्य में भी कमल खिलता नजर आएगा।

### नशा से दूर रहने का आह्वान



**डोंगरगढ़।** कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ. आरके ठाकुर के निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान के तहत नोडल अधिकारी अरुण कुमार साहू ने जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में वक्ता मो सरीफुद्दीन शेख़, धर्मेन्द्र साहू, विष्णु साहू थे। मुख्य वक्ता शेख ने बताया कि नशा व्यक्तियों के घर, परिवार, समाज को खोखला करने के साथ आर्थिक स्थिति कमजोर कर देता है। उन्होंने छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम से सुरक्षा की जानकारी दी। रासेयो प्रभारी प्रो बीआर चंद्रवंशी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रो मनोहर बोकड़े, डॉ हेमलता गायकवाड, रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, कविता यदु, रूपेश, हेमंत कंवर, कामिनी वर्मा, प्रीति साहू आदि उपस्थित थे।

### दिव्यांगजनों को मिलेंगे सहायक उपकरण

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिले के दिव्यांगजनों का जीवन संवारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। इन दिव्यांगजनों को निराश्रित निधि से सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जिसे सहायक उपकरण की आवश्यकता हो, वह जनपद पंचायत में आवेदन कर सहायता प्राप्त कर सकते है। पात्र एवं निर्धारित शर्त पूर्ण करने वाले दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसिकल, कैलीपर, श्रवण यंत्र, व्हील चेयर, वाकर आदि दिया जाएगा।

### अष्टमी हवन 11 को

**राजनांदगांव।** ग्राम संबलपुर



(सिंघोला) में शिव-पार्वती सिद्ध शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि में इस बार 207 ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। इस बार अष्टमी हवन का कार्यक्रम 11 अक्टूबर को रखा गया और हवन के बाद माता का झूला का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी मंदिर के व्यवस्थापक शेषनारायण साहू व बनवाली यादव ने दिया।

## साल्हेवारा पुलिस ने की आरोपियों पर कार्रवाई

# शिकार के लिए जंगल में लगाया बिजली का करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिकार के लिए जंगल में बिजली करंट लगाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सूचनाकर्ता चांद खान निवासी ग्राम रेंगाखार ने 8 अक्टूबर को थाना साल्हेवारा उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका लड़का साहिल खान गांव के भूरे खान एवं अजित खान के साथ 7 अक्टूबर की रात्रि को अपने भैंस को ढूंढने जंगल तरफ गए थे। 8 अक्टूबर की सुबह 4 बजे उसे फोन द्वारा सूचना दिया गया कि भैंस ढूंढते समय बैगा साल्हेवारा के जंगल में शिकारियों द्वारा फैलाए गए बिजली करंट की चपेट में आने से उसके लड़के साहिल खान की मृत्यु हो गई। सूचना पर थाना साल्हेवारा में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्रवाई में लिया गया। पुलिस के अनुसार निरीक्षण के दौरान 11000 केवी के हाई वोल्टेज विद्युत लाईन से जीआई तार द्वारा डायरेक्ट करंट लगाकर लगभग एक किमी तक करंट का जाल फैलाया गया था, जिसे विद्युत विभाग के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर विद्युत कनेक्शन हटवाया गया। थाना साल्हेवारा में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराधिक मानव वध की धारा 105, बीएनएस 0 एवं धारा 135 विद्युत अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




### शिकार के लिए करंट फैलाया

पुलिस के अनुसार पुलिस को इस मामले में पता चला कि संदेही प्रीतम यादव निवासी गेरूखदान अपने साथियों के साथ मिलकर जंगल में करंट लगाकर शिकार करता है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रीतम यादव को गेरूखदान के जंगल से ढूंढकर हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया, जिस पर प्रीतम यादव अपने 3 अन्य साथियों बुधराम मरकाम, जेठू मरकाम व हीरालाल उर्फ गज्जु सैयाम के साथ मिलकर दिनांक घटना समय को बैगा साल्हेवारा के जंगल में जीआई तार का जाल बिछाकर बिजली के खम्बे से डायरेक्ट कनेक्शन लगाकर शिकार हेतु करंट फैलाना बताया।

### कुल्हाड़ी, हंसिया बरामद

पुलिस ने आरोपी प्रीतम यादव की निशादेही पर अन्य आरोपियों को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ कर जुर्म स्वीकार करने पर सभी आरोपियों का मेमोरेंडम कथन लेख कर घटना में प्रयुक्त 2 नग कुल्हाडी, हंसिया, करंट लगाने में प्रयुक्त बांस को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी प्रीतम यादव, बुधराम मरकाम, गज्जु उर्फ हीरालाल सैय्याम, जेठू मरकाम सभी साकिनान गेरूखदान थाना बकरकट्टा को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# संघ ने किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन किया एवं विजयादशमी मनाया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता चंद्रमणी चौबे, मुख्य वक्ता संघ के जनजातीय प्रमुख सतीश गोकुल पंडा एवं खंड संघचालक अमीलाल शिवहरे थे।

वार्ड 8 स्थित मैदान में आयोजित कार्यक्रम में अमृत वचन, सुभाषित एवं गीत के पश्चात मुख्य वक्ता का उदबोधन हुआ। मुख्य अतिथि श्री चौबे ने कहा कि गीता में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को आत्म कल्याण का मार्ग दिखाया था। भगवान कृष्ण ने कहा था कि युद्ध के मैदान में सुख दुख, लाभ हानि को त्याग कर युद्ध करो। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पर संकट छाया है। स्वयं सेवकों की संस्कृति की रक्षा करनी है।

संघ के प्रांतीय जनजातीय प्रमुख श्री पंडा ने कहा संघ ताली और फ़ोटो से दूर रहता है। इस मौके पर गोपाल तिवारी, दिनेश बैस, महेश सोनी, रमेश वर्मा, नीरज दुबे, उत्तम राजपूत, रामा साहू, विशाल मारुतकर, पन्ना मंडावी, ओमेश्वर साहू, पप्पू देवांगन, प्रभुराम वर्मा, बलदाऊ सोनी, राकेश ताम्रकार, राजेश मेहता, पुष्पेंद्र देवांगन, खम्हन ताम्रकार आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लॉक के ग्राम पंचायत बल्देवपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण व भवन का लोकार्पण नवरात्रि की पंचमी तिथि को किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति विप्लव साहू मौजूद रहे। अध्यक्षता टीएसी सदस्य व सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि पांडादाह मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, पूर्व नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अजय जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राजीव चंद्राकर, बजरंग दल संयोजक शिशिर मिश्रा, सह-संयोजक उत्तम दशरिया सहित अन्य मौजूद रहे। सरपंच श्यामसुंदर साहू ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

# गांव-गांव पहुंच रहा सदस्यता अभियान रथ अब तक सैकड़ों ने ली सदस्यता : परवेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा का सदस्यता अभियान तेज गति से जारी है। विगत दिनों करीब 10 गांव में सैकड़ों ग्रामीणों को सदस्यता दिलाई गई है। इस बीच बुधवार को भाजपा के सदस्यता अभियान महापर्व के तहत सिंगदई, मोहड़ और हल्दी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां बड़ी तादाद में नागरिकों ने ऑनलाइन प्रक्रिया से सदस्यता ग्रहण की। जिनका स्वागत किया गया।

भाजपा नेता व प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने बताया कि नए सदस्यों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का अभियान रथ लगाकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बड़ा है और उसे पूरा करने के लिए सभी मिलकर मेहनत कर रहे हैं। परवेज अहमद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडे ने जिले में रिकॉर्ड नए सदस्य बनाने का आह्वान किया है। हमारे मार्गदर्शकों की अगुवाई में हम उस लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में जन-जन तक पहुंच रहे हैं और उन्हें भाजपा से जोड़ रहे हैं।

### नागरिकों का किया स्वागत

भाजपा नेता परवेज अहमद ने बताया कि बुधवार को सदस्यता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल व दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरूण लहरवानी शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा की सदस्यता लेने वाले नागरिकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने नए सदस्यों से चर्चा भी की। नए सदस्यों ने अपने विचार रखते बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासपरक 10 वर्षों के कार्यकाल और उनके राजनीतिक सूझबूझ से वे प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि हमने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का 15 वर्ष का मुख्यमंत्री कार्यकाल भी देखा है। जिसमें प्रदेश फला-फूला। एक बार फिर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार छत्तीसगढ़ में सामाजिक सरोकार और समान विकास की प्राथमिकता के साथ विकास की अलख जगा रही है। जिससे वे प्रेरित हैं।

# जिले के शिक्षक मिले जिला शिक्षा अधिकारी से



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार बघेल से मुलाकात कर स्वागत किया।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष वर्मा ने बताया कि विगत वर्षों शिक्षक से एलबी संवर्गों के शिक्षकों के आकस्मिक निधन एवं सेवानिवृत्ति होने के बाद मिलने वाले आर्थिक लाभ के लिए जिला ट्रेजरी कार्यालय द्वारा गुमराह किया रहा है। जिले के शिक्षकों पर विकासखंड स्तर के अधिकारियों व संकुल प्राचार्य का नियंत्रण नहीं होने के कारण शिक्षकों की मनमानी बढ़ गई है। समय पर स्कूल नहीं आने, लंबे समय तक गायब रहने, अध्यापन कार्य नहीं करने, अवकाश का दुरुपयोग करने की शिकायत बढ़ी है। हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रयोगिक कार्य नहीं कराने से बच्चों का विकास नहीं हो रहा है।

# आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक में चिकित्सा विशेषज्ञ दे रहे सेवा




**राजनांदगांव।** विभिन्न रोगों के निदान के लिए शहर के सतनाम भवन में वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु उपलब्ध रहेंगे। जिनमें प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीनराम दारूका 19 अक्टूबर को और वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके साहू 10 अक्टूबर को उपस्थित रहेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह, कान-नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नमन पिंचा एवं निःसंतानता एवं कॉस्मेटिक गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. रैनी अग्रवाल (मुंबई) तथा चर्म रोग, बाल नाखून एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

### विभिन्न रोगों का उपचार

सतनाम भावान में संचालित आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक में किडनी, पथरी, नस, मस्तिष्क, लकवा, मिर्गी, आधा सिर दर्द, ईएनटी, निःसंतानता (आईवीएफ) एवं कॉस्मेटिक गाइनोकोलॉजिस्ट एवं चर्म रोग विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

# विज्ञान मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पटेवा।** प्रांत स्तरीय विज्ञान मेला सरस्वती शिशु मंदिर सारखी में संपन्न हुआ। विज्ञान मेला में टेड़ेसरा विद्यालय से विज्ञान प्रश्नमंच में मोहिल वर्मा, चूड़ामणि साहू, शिवम शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी की पायल देवांगन, धनेश्वरी, कुंदन ने विज्ञान प्रश्न मंच में प्रथम स्थान,



लक्की साहू ने विज्ञान प्रयोग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतिभागी अब सागर में आयोजित स्पर्धा में शामिल होंगे।

# गरबा में रश्मिदेवी कॉलेज प्रथम


हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



नगर दशहरा उत्सव समिति व नगर पालिका द्वारा फतेह मैदान में आयोजित तीन दिवसीय गरबा महोत्सव के फ्री ग्रुप में रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने बताया कि गरबा नृत्य दल प्रभारी डॉ. मेधाविनी तुरे के नेतृत्व में रानी रश्मिदेवी कॉलेज और नवीन कन्या कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अनुशासित रूप से गरबा प्रतिभा का प्रदर्शन कर फ्री ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे, डॉ. मेधाविनी तुरे, प्रो. रोहित देवांगन ने वासु सिंह, नियति सिंह, देव सारथी, सचिन साहू, दौलत मंडावी, किशन, अर्पित सिंह, देवेन्द्र, रितेश, प्रीति, मांशी, निकिता, अपूर्वा, मुस्कान, नीतू, काजल, मोनिका, अंजलि सहित गरबा में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

कर्मा हियरिंग केयर



उपलब्ध सेवायें
- आइए बेहतर सुने अब हमारे साथ
- सुनने की परेशानी को करे बॉय-बॉय
- बढ़ती उम्र के साथ सुनने में होने वाली परेशानी की
- जाँच डिजिटल ऑडियोमीटर द्वारा (PTA)
- नवजात बच्चों की सुनाई की जांच (OAE)
- सभी अंतर्राष्ट्रीय कम्पनी के डिजिटल हियरिंग ऐड उपलब्ध
- कान के अंदर न दिखाई देने वाली सुनाई मशीन
- सभी प्रकार के हियरिंग ऐड की बैटरी उपलब्ध
- ईयर मोल्ड (कान का सांचा)
- दो साल की वारंटी एवं प्रोग्रामिंग की सुविधा
- तुतलाना, हकलाना, देर से बोलना सीखने के लिये स्पीच थैरेपी
- सभी मशीनों पर विशेष डिस्काउंट
- रिचार्जेबल मशीन उपलब्ध


निःशुल्क जांच एवं परामर्श
03/10/2024 से 12/10/2024
समय : दोपहर 3 से 7 बजे तक

नवरात्रि एक्सचेंज ऑफर

डॉ.ईश्वर साहू
B.Sc. Audiology
9669192410
7892093389

पता: शॉप नं. 01, जिला अस्पताल बसंतपुर गेट नं. 2, कर्मा भवन के पास, राजनांदगांव (छ.ग.) पिन कोड 491441

दूसरे एवं चौथे रविवार को उपलब्ध
हेल्थकेयर पॉलिक्लिनिक न्यू बस स्टैण्ड के सामने, डोंगरगढ़



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर, 2024



## अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरूप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी है। देवी महागौरी ने पार्वती रूप में महादेव को पति के रूप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई, तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत हैं। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती है। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।



## 701 किलो फल से सजा मां का दरबार

### अनार, सेब के साथ नीबू की मालाओं से भी सजाया

*राजनांदगांव। डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दरबार को बुधवार षष्ठमी के अवसर पर फलों से सजाया गया। दरबार में कुल 701 किलो फल का उपयोग सजावट में किया गया। इनमें अनार, सेब सहित लगभग सभी प्रकार के फल शामिल रहे। ज्ञात हो कि नवरात्र के शुरुआत में दरबार को फूलों से भी सजाया गया था।*

*माता बम्लेश्वरी के दरबार में पंचमी के दो अभिषेक के ऐतिहासिक पूजन के साथ ही षष्ठमी को माताजी का 701 किलो फल और फूल से विशेष अभिषेक पूजन किया गया। बिलासपुर से आए सजावटकर्ताओं ने घंटों मेहनत के बाद प्रातःकालीन माताजी के नीबू की माला, केला, सेब, संतरा, मोसंबी, अनानस, बेर, तरबूज सहित विभिन्न किस्म के फलों का भोग प्रसाद के साथ ही माताजी का विशेष श्रृंगार भी किया।*

## डोंगरगढ़ के लिए ट्रेनों में दोगुनी भीड़ एक्सप्रेस में पैर रखने की जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लाखों की संख्या में लोग रोजाना डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन दिनभर में डोंगरगढ़ के लिए किया है। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हो रही है। आलम ये है कि ट्रेन से डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। माता के दर्शन के लिए भौड़ में धक्के खाते हुए लोग सफर करने को मजबूर हैं।

स्टेशन पर सुबह 7 से लेकर रात 9 बजे तक हर एक से दो घंटे के बीच में यात्रियों को डोंगरगढ़ के लिए ट्रेन की सुविधा मिल रही है। हरिभूमि ने बुधवार को लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों का जायजा लिया। जल्दी पहुंचने के लिए ज्यादातर यात्री लोकल के बजाय एक्सप्रेस से डोंगरगढ़ जाना चाहते हैं। इस वजह जिन ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ दिया गया है, उनमें इन दिनों भारी भीड़ है। जनशताब्दी, शिवनाथ, आजाद हिंद समेत हावड़ा-अहमदाबाद में मेले के सामन भीड़ देखने को मिली। राजनांदगांव के अलावा रायपुर और दुर्ग में एक ट्रेन में एक साथ 150 से 200 यात्री डोंगरगढ़ के लिए चढ़ रहे हैं। स्टेशन में लोकल ट्रेनों के 10 हजार से अधिक टिकट बिक रहे हैं। ऑनलाइन टिकट खरीदने वालों की संख्या भी हजारों में है।

### यात्रियों को हो रही परेशानी



### ट्रेनों में ठसाठस

रायपुर व आसपास के स्टेशनों से बड़ी संख्या में हर दिन लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में रायपुर से आगे-जाने वाली ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों की भीड़ दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्टेशन में अलग शिफ्टों में सुरक्षा जवानों को प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में तैनात किया गया है। डोंगरगढ़ मेले के दौरान रायपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाई गई है।

### 50 हजार से अधिक यात्री

पंचमी में ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। मंगलवार को 50 हजार से अधिक यात्रियों ने दर्जन लोकल व एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। डोंगरगढ़ से भी वापसी में यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। रायपुर से डोंगरगढ़ जाने एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री कंफर्म सीट के लिए रिजर्वेशन करा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच है। वंदेभारत में नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ जाने के लिए काफी यात्री मिल रहे हैं। 500 से अधिक सीटों में 450 सीटें रोजाना बुकिंग देखने को मिल रही है।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक 14 को

**राजनांदगांव।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव की साधारण सभा बैठक 14 अक्टूबर को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

0 **राजनांदगांव।** क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में दर्शनार्थियों की सुविधाओं को देखते हुए भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है, लेकिन शहर में भारी वाहनों की आवाजाही बनी हुई है।

### माय एंगल




### किसानों को मिलेगा फायदा, तीनों जिलों में सेंटर खुलना शुरू

## सहकारी समितियों में खोले जा रहे सीएससी सेंटर, अब तक 132 खुले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की धान खरीदने वाली सेवा सहकारी समिति अब हाईटेक होने जा रही है। धान खरीदी के पूर्व सभी सहकारी समितियों में कामन सर्विस सेंटर खोले जाएंगे। इसकी शुरूआत भी राजनांदगांव सहित मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले में की जा चुकी है।

तीनों जिलों की कुल 132 सहकारी समितियों में सीएचसी खोले जा चुके हैं। इनमें राजनांदगांव जिले में 74, मोहला-मानपुर जिले में 19 एवं खैरागढ़ जिले की 39 सहकारी समितियों में सीएचसी आईडी जनरेट की जा चुकी है। शेष में भी एक महीने के भीतर आईडी जनरेट करने का काम कर लिया जाएगा। कामन सर्विस सेंटर शुरू होने के साथ ही किसानों को अब अपने कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा किसानों को गांव में ही सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा पर कार्य किया जा रहा है। पूर्व में जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों को समिति बनाने के निर्देश दिए गए हैं और अब नए निर्देश के तहत सभी सहकारी समितियों में कामन सर्विस सेंटर खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन द्वारा जारी निर्देश के तहत सहकारिता विभाग द्वारा पुरानी 400 से अधिक समितियों के आईडी जनरेट करने का काम शुरू कर दिया है।

### आईडी बन रही

सरकार के निर्देश अनुसार सभी सहकारी समितियों के नाम से भी सीएचसी की आईडी जनरेट की जा रही है। महीनेभर के भीतर शत-प्रतिशत काम पूरा कर लिया जाएगा।

- **सौरभ मिश्रा**, प्रभारी, ई-डिस्ट्रिक

### खास बातें

- किसानों को अब सोसाइटी में ही मिल जाएगी सुविधा
- जिले में चार सौ सेंटर इस योजना के तहत खुलेंगे



### समितियों को किया गया ऑनलाइन

सहकारी समितियों को ऑनलाइन किए जाने का कार्य पिछले वर्ष किया गया है। जिससे खरीदी एवं धान बीज वितरण के कार्य सीधे शासन की निगरानी में होने लगे हैं। खरीदी की जानकारी अब प्रतिदिन दी जाती है। पूर्व में यह सब काम मैन्युअल हुआ करता था। इससे अब ऑनलाइन होने से सभी समिति के कर्मचारियों का काम आसान हो गया है।

### समिति प्रबंधकों के नाम से आईडी

बताया गया कि सीएचसी खोलने के बाद अलग से स्टॉफ नहीं रखा जाएगा, बल्कि उपलब्ध कर्मियों से ही यह काम कराया जाएगा। यही कारण है कि समिति प्रबंधकों के नाम से ही आईडी जनरेट की जा रही है। इससे समितियां अब ऑनलाइन होने के साथ अपडेट हो जाएगी। जिसके लिए किसानों को गांव में चलने वाले सीएससी जाना पड़ता था। अब उन्हें अपने विभागीय कार्य से संबंधित दस्तावेज पूर्ण कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### इस तरह हो पाएंगे काम

सीएससी शुरू होने के बाद खाता खोलने के साथ जमीन के रिकार्ड दुरूस्तीकरण एवं जमीन की नकल निकालने के भी कार्य की सुविधा किसानों को मिल सकेगी। जिसके लिए अब तक किसानों को ब्लॉक या जिला मुख्यालय आकर इस कार्य को कराने की मजबूरी रहती थी। कामन सर्विस सेंटर खोले जाने के साथ क्षेत्र के युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## रेस्ट हाउस में खाना बनाने वाले मजदूर से बदसलूखी, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फारेस्ट रेस्ट हाऊस में खाना बनाने वाले से बदसूली, गाली-गलौज कर जब से पैसे निकालने की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी चंद्रशेखर वर्मा पिता सेवकराम वर्मा 51 साल साकिन ग्राम कल्याणपुर जो करवारी फारेस्ट नाका में खाना बनाने का मजदूरी कार्य करता है। 8 अक्टूबर एवं 9 अक्टूबर के बीच रात्रि में करवारी फारेस्ट रेस्ट हाउस में खाना गरम कर मेला ड्यूटी में आए अधिकारियों के लिए खाना परोस रहा था। उसी समय डोंगरगढ़ का राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल खाना बनाने वाले रूम में आकर हम लोग पत्रकार हैं, बोलते प्रार्थी के साथ गाली-गलौज किए और खाना लगाओ बोले।

प्रार्थी द्वारा अभी साहब लोगों को खाना दूंगा कहने पर राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल ने दारू पीने के लिए पैसे दो कहते प्रार्थी के पैंट की जेब में हाथ डालकर 500 रुपए निकाल लिए एवं प्रार्थी से धक्का-मुक्की कर जान से मार देने की धमकी दिए। जिसकी लिखित शिकायत पर थाना डोंगरगढ़ में धारा-296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आथोर्डोटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार
मिलने का समय - प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

## अस्पताल में विवाद, डॉक्टर का प्रभार से इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिना टेंडर प्रक्रिया के जिला चिकित्सालय परिसर में जन औषधि केंद्र संचालन करने चिकित्सक पर दबाव और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस विषय में कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के चलते आरएमओ ने अपने प्रभार से इस्तीफा दे दिया।

इस पूरे मामले को लेकर आरएमओ डॉ. महेंद्र प्रसाद ने बताया कि वह अपनी ड्यूटी में थे। इस दौरान दोपहर के वक्त सीएस ने जन औषधि और रेड क्रॉस मेडिकल स्टोर के मामले में बात करने उन्हें अपने केबिन में बुलाया। वहां रेडक्रॉस के कोई मनीष और अग्रवाल पहले से बैठे थे। इस दौरान बात चली कि अस्पताल परिसर में संचालित रेडक्रॉस मेडिकल की जगह जनऔषधि केंद्र चालू किया जाएगा, तब वहां मौजूद अग्रवाल इस बात पर अड़ गए कि जनऔषधि केंद्र का टेंडर ना करते हुए इसका संचालन सीधे उन्हें करने दिया जाए। डॉ.प्रसाद ने कहा कि मेरे द्वारा कहा गया कि बिना टेंडर ऐसा नहीं किया जा सकता। इसके बाद वे अनर्गल बातें करने लगे और हॉट-टॉक होते ही मैं वहां से चला गया।

### प्रबंधन ने नहीं की कार्रवाई

आरएमओ डॉ. महेंद्र प्रसाद ने बताया कि उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि बिना टेंडर प्रक्रिया के जनऔषधि केंद्र के लिए मैं हामी नहीं भरूंगा और साइन भी नहीं करूंगा। जिससे वह नाराज हो गए। आरएमओ डॉ. प्रसाद ने कहा कि ऑनड्यूटी डॉक्टर को सीएस के चेंबर में धमकाया जाना कानूनी मामले के दायरे में है। ऐसी धमकी दी जाती है तो विभागीय शिकायत 6 घंटे के भीतर होनी चाहिए, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मैंने इस पद से इस्तीफा देना उचित समझा।


### इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया

आरएमओ प्रक्रिया समझ रहे थे, इस दौरान बहस हो गई, मामला शिकायत योग्य नहीं था। आरएमओ को भी समझाया गया है और उनका प्रभार से इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है।

- **डॉ. यूएस चंद्रवंशी**
सीएस, जिला चिकित्सालय

## बंगाल की खाड़ी से आने लगी नमी, एक सप्ताह बाद मानसून की विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन शुरू हो गया है। जिसके चलते सुबह और देर रात ठंड का एहसास भी होने लगा है। हालांकि अब भी दिन का तापमान जिले में 33 पार है। राजनांदगांव प्रदेश के लगभग शहरों से गर्म है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार एक सप्ताह बाद से मानसून की विदाई प्रदेश में शुरू हो जाएगी। 15 अक्टूबर के करीब अंचल से मानसून विदा हो सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है। जिसके कारण प्रदेश के 1-2 स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। इसका असर अंचल में भी देखने को मिल सकता है।

**रायपुर, दुर्ग से गर्म नांदगांव :** राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जैसे शहरों से भी अधिक पर बना हुआ है। बुधवार को अंचल का अधिकतम पारा 33.4 डिग्री पर रहा। यह सामान्य से लगभग साढ़े चार डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री के करीब जा पहुंचा है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम पारा में भी गिरावट संभव है।

## इंदिरा सरोवर के आसपास गंदगी का आलम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के विशाल इंदिरा सरोवर के आसपास फैली गंदगी से यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। पालीथिन से लेकर अन्य गंदगी व कचरे यही फेंके जा रहे हैं। जिससे आसपास का वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। वहीं तालाब की सौंदर्यता पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। शहर के भरकापारा पुराना बस स्टैंड के पास स्थित ऐतिहासिक तालाब इंदिरा सरोवर के आसपास गंदगी का आलम बना हुआ है। अपर्याप्त सफाई व्यवस्था के चलते तालाब के किनारे जहां गंदगी का फैलाव है। वहीं दूसरी ओर तालाब के मेड़ किनारे लगातार गंदगी पसरती जा रही है।

### सफाई का अभाव

तालाब के चारों ओर नियमित रूप से सफाई के अभाव में तालाब के किनारे गंदगी इस कदर है कि आसपास का इलाका प्रदूषित होने लगा है। ज्ञात हो कि इस तालाब में बड़ी संख्या में आसपास के लोग निस्तारी के लिए पहुंचते हैं। तालाब के आसपास विशेष रूप से सफाई अभियान चलाए जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है।



### भव्य तालाब पर ध्यान देने की जरूरत

तालाब के आसपास के रहवासियों ने बताया कि यहां कचरा व गंदगी फेंकने पर रोक लगाई जानी चाहिए। वहीं संबंधित विभाग को सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। शहर के गिने-चुने तालाबों में इंदिरा सरोवर भव्य तालाब है। जिसका संरक्षण-संवर्धन पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

### मार्ग के किनारे गंदगी का ढ़ेर

बताया गया कि तालाब के किनारे से जाने वाले मार्ग के दोनों ओर गंदगी का ढ़ेर लगने लगा है। पालीथिन सहित अन्य गंदगी से इस मार्ग से आवागमन करने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां की गंदगी फैलकर तालाब तक पहुंच रही है। जिससे तालाब की सौंदर्यता पर विपरीत असर पड़ने लगा है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

| 24 घंटे आपात चिकित्सा | स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ |
| --- | --- |
| • एक्सीडेंट | • बच्चेदानी का ऑपरेशन |
| • जहर का सेवन | • बांझपन का ईलाज |
| • लीवर फेलयर | • मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज |
| • किडनी फेलयर | • गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज |
| • हार्ट अटैक | • नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/- |
| • ब्रेन हेमरेज | |
| • पीलिया • लकवा | |

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### विधायक भावना बोहरा ने कामठी स्थित मां चंडी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया



**हरिभमि कुई-कुकदूर।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने वनांचल ग्राम कामठी में विराजित मातारानी एवं मां चंडी माता मंदिर कुई में जगत-जननी मां जगदम्बा की दर्शन एवं विधि विधान से पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों की सुख, समृद्धि एवं सर्वमंगल कामना की तथा ग्रामवासियों से भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना साथ ही साथ नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रतिराम भट्ट, वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय जैन, कृष्णा कुंभकार, बहादुर सोनी, दीपक सलुजा, संतोष श्रीवास, श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, दशरथ कुंभकार सहित मातृशक्ति एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### प्राची मिश्रा शानदार, मनमोहक व आर्कषित मॉडल आर्टिस्ट चित्र कला का किया प्रदर्शन





**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुकसदा का निवासी प्राची मिश्रा पिता अंबिका मिश्रा जो अपने कला के माध्यम से आज मॉडल आर्टिस्ट चित्र कला के माध्यम मां सरस्वती के आशीर्वाद से ऐसे कई मनमोहक व आर्कषित अनेक प्रकार की चित्र साथ ही साथ मेहंदी व रंगोली से शानदार कला प्रदर्षित से ग्राम कुकसदा का नाम रोशन कर रही है।

### अभाविप की 72 सदस्य टीम सेवा देने मां बम्लेश्वरी मंदिर के लिए रवाना



**हरिभूमि कवर्धा।** अभाविप कबीरधाम के स्टूडेंट फॉर सेवा के 72 सदस्य अपनी सेवा देने मां बम्लेश्वरी के पावन धाम में शारदीय नवरात्रि के महापर्व में विभिन्न सेवा देने पंचमी को प्रस्थान किए। जिसमें अभाविप दल सुरक्षा, चिकित्सा व अन्य व्यवस्थाओं अपनी सेवाए देंगें। विद्यार्थी परिषद कवर्धा इकाई अध्यक्ष अश्वनी कुमार श्रीवास, जिला सह कार्यवाह आरएसएस रवि वर्मा और विभाग प्रमुख रामशरण चंद्रवंशी ने दल को परिषद का झंडा दिखाकर सेवा कार्य हेतु रवाना किया। कार्य दल प्रमुखों के सानिध्य में संपन्न होना है तुषार चंद्रवंशी प्रदेश सहमंत्री, गजाधर वर्मा नगर मंत्री, गोपाल ठाकुर इसी प्रकार बहन वर्गो में प्रमुख रूप से तुलसी यादव, कुंती साहू, संगीता चंद्रवंशी दल का नेतृत्व करेंगे।



### सत्यमेव जयते क्लब ने पिपरिया में बांटी प्रसादी

**हरिभूमि कवर्धा।** सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा ने पिपरिया में प्रसादी वितरण व सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं शारदीय नवरात्रि के छठा दिन मां कात्यायनी देवी की रुप की विधि विधान से पूजा-अर्चना किया गया। जिस पर सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा ने नगर पंचायत पिपरिया में प्रसादी वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान सत्यमेव जयते क्लब अध्यक्ष देवसिंह धुर्वे ने अपने वक्तव्य में नवरात्रि को मनाने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुराई कितनी भी प्रबल क्यों ना हो एक न एक दिन उसका अन्त होता ही है। इस दौरान क्लब के सदस्य व नगरवासियों ने नगर के श्याम मानिकपुरी के नव-व्यावसायिक प्रतिष्ठान परफेक्ट टेलर्स का उद्घाटन किए। साथ ही साथ कार्यक्रम के लिए उत्साहित बच्चों द्वारा शानदार मनमोहक गीतों पर नृत्य किए जिन्हें क्लब की ओर से निश्चित राशि व पुरस्कार से पुरुस्कृत किया गया। व सेवक केदार साहू को गमछा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पर पार्षद, शिक्षक-शिक्षिकाएं, क्लब के निरीक्षक विजय कुमार धुर्वे, कोषाध्यक्ष लालसिंह मरकाम, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार परते, सदस्य विदेश धुर्वे, तीरथ धुर्वे, सुनील कुमार मेरावी, रोहित कुमार पटेल सहित नगर के गणमान्य नागरिक व बच्चे उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर, जिला कबीरधाम(छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

रा.प्र.क्र. ............. ब121/वर्ष 2023-24

आवेदक जोहोरिक पटेल पिता भीखू पटेल जाति मरार
निवासी कामठी तहसील कुकदूर जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईशतहार द्वारा आम जनता ग्राम कामठी प.ह.नं. 13 को सूचित किया जाता है कि आवेदक जोहोरिक पटेल भीखू पटेल जाति मरार निवासी ग्राम कामठी तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरे दादा श्रीराम पिता रजपाल पटेल का मृत्यु दिनांक10/12/2010 को ग्राम कामठी में हुआ है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जाये।

इस संबंध मे जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 18/10/2024 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 04/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईशतहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 04/10/2024
पेशी दिनांक - 18/10/2024

मुहर — नायब तहसीलदार कुकदूर

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर, जिला कबीरधाम(छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

रा.प्र.क्र. ............. ब121/वर्ष 2023-24

आवेदक जोहोरिक पटेल पिता भीखू पटेल जाति मरार
निवासी कामठी तहसील कुकदूर जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईशतहार द्वारा आम जनता ग्राम कामठी प.ह.नं. 13 को सूचित किया जाता है कि आवेदक जोहोरिक पटेल पिता भीखू पटेल जाति मरार निवासी ग्राम कामठी, तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरे परदादा रजपाल पिता घसिया का मृत्यु दिनांक 05/01/1980 को ग्राम कामठी में हुआ है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध मे जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 18/10/2024 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 04/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईशतहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 04/10/2024
पेशी दिनांक - 18/10/2024

मुहर — नायब तहसीलदार कुकदूर

## स्थापना काल से मूल रूप में हैं चंडी माता के अनंत स्रोत

# चंड-मुंड संहार के लिए धारण किया मां ने चंडी रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मां चंडी मंदिर कवर्धा सर्वं शाक्तमजी जनत इस वेद वाक्य के अनुसार समस्त विश्व ही शक्ति से उत्पन्न है। शक्ति द्वारा ही अनंत ब्रह्मांडों का पालन, पोषण व संहारादि होता है। इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि चण्डिका दुर्गा का ही एक अवतार है, दुर्गा के तीन प्रमुख रूपों की पूजा की जाती है जिसमें महागौरी, चंडिका व अपराजिता। इनमें से चंडिका के दो रूप हैं जिन्हें चंडी और चामुंडा कहा जाता है, जिन्हें देवी कौशिकी ने चंड और मुंड राक्षसों को मारने के लिए बनाया था। कवर्धा नगर में भी देवांगन-कुम्हार मोहल्ले में शक्ति स्वरूपा मां चण्डी का दरबार है।

स्थानीय बुजुर्ग बद्री देवांगन के अनुसार भाटापारा के तरेंगा गांव के दो सगे भाइयों मिठैया देवांगन एवं इतवारी देवांगन 75 वर्ष पूर्व कवर्धा पहुंचे। देवांगन पारा के उनके निवास में मां चण्डी की प्रतिमा लगभग 150 वर्ष पूर्व से विराजित थी। इतवारी देवांगन ने मानव कल्याण के लिए माता की उस मूर्ति को अपने निवास स्थान से सार्वजनिक स्थान में विधि-विधान से विराजित किए जहां वर्तमान में आज भी मां चण्डी की पूजा-अर्चना की जा रही है। ख़ास बात यह है कि इतवारी देवांगन के निवास में मां चण्डी की मूर्ति जिस रूप में स्थापित थी, वही मूल स्वरूप आज भी वर्तमान मंदिर में विद्यमान है। माता की मनोहारी प्रतिमा पूर्वमुखी है, सामने मां की सवारी दो सिंह हैं। मंदिर में माता के दाहिने ओर पंडा की प्रतिमा, नरसिंह देव, काली, एवं बायीं ओर मां दुर्गा, मां महामाया, अगुवान की मूर्ति स्थापित है। गर्भगृह के बगल में ज्योति कक्ष है और प्रवेश द्वार के पास ही खप्पर निकासी स्थल है।

इतिहासकार श्री श्रीवास्तव ने बताया कि प्रारम्भ में मंदिर और गर्भगृह छप्पर युक्त झोपड़ी थी। मां चण्डी की मूर्ति स्थापना के बाद लोगों की आस्था और मनोकामना पूर्ति होने की वजह से यह सिद्धपीठ के रूप में जाना जाने लगा। सन 1980 के दशक में स्व यदुनंदन बक्शी मंदिर समिति के प्रथम अध्यक्ष बने। बाद में प्रसन्न कश्यप, राकेश यदु, शंभू देवांगन, अखिल मिश्रा, मन्नू चन्देल आदि ने अध्यक्ष का दायित्व निभाया। मंदिर में सबसे पहले दो ज्योति कलश स्व मिठैया व इतवारी देवांगन द्वारा प्रज्ज्वलित कराया गया जो वर्तमान में 140 ज्योति कलश प्रज्जवलित है।

### मां दंतेश्वरी के बाद मां चण्डी मंदिर में खप्पर परम्परा प्रारम्भ



इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि मां दंतेश्वरी मंदिर के बाद मां चण्डी मंदिर से खप्पर परम्परा प्रारम्भ की गई और 1927-28 में खप्पर के रूप में स्व मिठैया देवांगन निकले। सन1982-83 में मंदिर निर्माण के बाद पहला खप्पर लेकर रामलाल देवांगन और अगुवान स्व जोधू देवांगन, प्रहलाद देवांगन और सुंदर देवांगन निकले। यह 1995 तक चला 1996 से कुछ अपरिहार्य कारणों से खप्पर निकलना बंद हो गया, जिसे सन 2008 से स्व दद्दू ने खप्पर उठाकर प्रारम्भ किया जो आज तक अनवरत जारी है और वर्तमान में रघुनाथ पाली खप्पर उठा रहे हैं और तिहारी चन्द्रवंशी के साथ पंडा के रूप में सेवा दे रहे हैं। माता ऐश्वर्य, शक्ति, वैभव और साहस देने वाली हैं, दर्शन कर अपने को पुण्य का भागी बनाएं।



## गरज-चमक व तूफान से धान की फसल क्षतिग्रस्त किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में इन समय किसानों के खेतों में धान फसल में बालियां पककर तैयार हो चुके है। वहीं दूसरे ओर मौसम की मिजाज से व उथल पुथल तथा काले बादल छाए होने से ग्रामीण किसान चिंतित व परेशान है। वहीं शहर सहित ग्राम नाऊडीह व जेवडन खुर्द सहित आसपास क्षेत्र में गरज चमक के साथ हल्की तेज बारिश व आंधी तूफान से धान की फसल क्षतिग्रस्त होने से किसानों को भारी नुकसान की संभावना बन गई है। जिस पर किसानों ने क्षतिपूर्ति की मांग शासन प्रशासन से की गई।

### बबुल पेड़ ऊपर गिरी आकाशीय बिजली, पेड़ क्षतिग्रस्त, गन्ना फसल प्रभावित



जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम राम्हेपुर कला जहां ग्रामीण किसान देवकुमार साहू के गन्ने खेत के पार में बबुल का पेड़ में गरज चमक व हल्की तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिर से बबुल पेड़ दो भागों में क्षतिग्रस्त हो गई जिससे गन्ना की फसलों भी प्रभावित हुई है।

### तिलहन मॉडल गांव अंतर्गत मूंगफली समूह फसल प्रदर्शन

**हरिभूमि कवर्धा।** भारत तिलहन का सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन देश में खाद्य तेलों की बढ़ती मांग के साथ तालमेल नही रखता है। इससे खाद्य तेलों के आयात में पर्याप्त वृद्धि हुई है। इस लिए भारत में तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2024 से 2027 तक कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में तिलहन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना मॉडल गांव के तहत (राष्ट्रीय तिलहन मिशन) समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन जो आने वाले तीन वर्षो 2024-25 से 2026-2027 तक लिया जाना हैं। जिसके अंतर्गत कबीरधाम जिले को लगभग 55 हेक्टेयर में मूंगफली फसल का प्रदर्शन प्राप्त हुआ। जिसमें मूंगफली फसल के लिए 55 हेक्टेयर में प्रदर्शन विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के ग्राम गांगपुर एवं सिंगारपुर में लिया जा रहा है। जिसमें कृषकों को योजना के दिशा निर्देशानुसार उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज जो 10 वर्ष के अंदर के अवधि का बीज मूंगफली किस्म लीपाक्षी में बीजोपचार के लिए पीएसबी राइजोबियम कल्चर कृषकों को वितरण किया गया। प्रदर्शन पूर्व कृषकों को संगोष्ठी के माध्यम से मूंगफली की वैज्ञानिक पद्धति की संपूर्ण जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ बीपी त्रिपाठी द्वारा तिलहन उत्पादक किसानों को कृषकों को 2-3 वर्ष के अंतराल में मिट्टी पलटने वाले हल से खेत की गहरी जुताई करने एवं बीज उपचार करने के पश्चात ही बुआई करने की सलाह दी गई एवं किसानों को बुवाई पद्धति में चैड़ी क्यारी पद्धति से बुवाई के लिए प्रेरित किया गया। बुवाई पूर्व बीजोपचार के लिए मूंगफली में 3 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से फफूंदीनाशक एवं 10 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से थायोमिथाक्सम से उपचारित करने के पश्चात 5-10 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से पीएसबी एवं राइजोबियम कल्चर से बीज उपचार करना चाहिए। मूंगफली बोने से पूर्व बीज का अंकुरण परीक्षण अवश्यक कर लेवें एवं न्यूनतम 70 प्रतिशत होने पर ही बीज का उपयोग का सुझाव दिया गया। उपरोक्त योजना कि शुरूआत के पूर्व कृषकों के प्रक्षेत्र का चयन तथा मृदा का संग्रहण किया गया। मूंगफली फसल का प्रदर्शन उपरोक्त दोनों गावों में किया गया है जहां पर कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वैज्ञानिको द्वारा समय-समय पर भ्रमण कर उचित मार्गदर्शन जैसे खरपतवार प्रबंधन, समन्वित रोग एवं कीट प्रबंधन, पोषक तत्व प्रबंधन आदि की विस्तृत तकनीकी जानकारी सभी हितग्राहियों को दी जा रही है।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक समावेशी राजनीति व जन-कल्याण के प्रति दृढ़ संकल्प की जीत है: भावना बोहरा

- कशमीर में धारा 370 हटने के बाद हुए पहले विस चुनाव में भाजपा को अपार समर्थन मिला।
- भाजपा की समावेशी राजनीति और जनकल्याण के प्रति दृढ़ संकल्प की जीत: विधायक।



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हरियाणा व जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन किया। हरियाणा विधानसभा में पूर्ण बहुमत के साथ जितने और जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद हुए पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपार समर्थन मिला है।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने हरियाणा में भाजपा की जीत और जम्मू कश्मीर में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और समस्त भाजपा के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने हरियाणा व जम्मू कश्मीर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा की ऐतिहासिक जीत और जम्मू कश्मीर में भाजपा को मिले अपार जनसमर्थन, भाजपा की समावेशी राजनीति और जनकल्याण के प्रति दृढ़ संकल्प की जीत है। यह जीत भाजपा के उन सभी कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को समर्पित हैं, जिन्होंने पार्टी के प्रति दिन-रात एक करके कड़ी मेहनत की। हरियाणा में 90 में 48 सीटों पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही तो वहीं जम्मू कश्मीर में भी भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यह सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नीतियों और योजनाओं से संभव हुआ है।

उन्होने कहा कि भाजपा की रीति ही राष्ट्र प्रथम की नीति है और प्रधानमंत्री के पिछले 10 से अधिक वर्षों के कार्यकाल में जनता ने इसे देखा है। एक समय था जब केवल योजनाएं बनाई जाती थी, लेकिन वो कागजों तक सीमित रहती थी, लेकिन आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशवासियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, हमारा देश विकसित भारत के पथ पर अग्रसर हो रहा है। हरियाणा की जनता ने भी भाजपा की इसी नीति, विकास कार्यों और जमीनी स्तर पर योजनाओं का लाभ मिलने एवं भाजपा के प्रति विश्वास जताते हुए अपना जनाधार दिया और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई। विपक्षियों ने कई आरोप-प्रत्यारोप लगाएं लेकिन भाजपा ने हमेशा सत्य के साथ अपने सिद्धांतों पर अमल किया, हरियाणा की जनता से जो वादा किया गया वो भाजपा ने पूरा किया, यही वजह है की हरियाणा के इतिहास में आज तक किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि यह सभी पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की नीतियों एवं देश के विकास के साथ ही अन्त्योदय के लक्ष्य के साथ भाजपा सरकार के कार्यों पर जनता का विश्वास है।

यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री की नीतियों और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में हुए विकास के प्रति जनता-जनार्दन के अटल विश्वास की जीत है। सेवा, सुशासन और विकास का संकल्प लेकर अंत्योदय के प्रण एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त करने के साथ उनके आत्मविश्वास को नए पंख देने भाजपा प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में हरियाणा विकास की नई ऊँचाइयों को जरुर छुयेगा। इस चुनाव में हरियाणा की जनता ने जातिवाद, परिवारवाद व तुष्टिकरण को नकार कर विकासवाद और राष्ट्रवाद को चुना है। यह जीत हरियाणा के जन-जन की जीत है, जिसके लिए मैं समस्त हरियाणा वासियों और देवतुल्य कार्यकर्ता साथियों को बधाई दी।

### जल-जागर महोत्सव में बोड़ला महाविद्यालय के छात्रा जिले का किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला द्वारा कबीरधाम की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए कक्षा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा यामिनी झारिया धमतरी में आयोजित जल जगार महोत्सव 05 व 06 अक्टूबर में शामिल हुई। महाविद्यालय की ओर से सुश्री कोमल मिश्रा उनके साथ मेंटर के रूप में शामिल हुई, प्राचार्य आरके पाठक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी उमेश पाठक के मार्गदर्शन में छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जल-जगार महोत्सव में छात्रा यामिनी झारिया सचिव (पेय जल मंत्रालय) की भूमिका का दायित्व मिला। छात्रा ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि कार्यक्रम में विधाई गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी दी गई तथा उसका प्रदर्शन भी करवाया गया। विधानसभा के सदस्य द्वारा विधेयकों को पारित करने के लिए होने वाली बहस, चर्चा और मतदान की जानकारी दी गई। विधानसभा में मौजूदा कानून में बदलाव व निरस्त करने और नए कानून बनाने की शक्ति से अवगत कराया गया।

MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

### आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क इलाज से परिहार हॉस्पिटल ने बचाई बच्चे की जान



**हरिभूमि कवर्धा।** बोड़ला ब्लाक अंतर्गत खुर्सीपार निवासी श्रीमती गीता संतोष निषाद के पुत्र रंश निषाद लगभग ढाई वर्ष 12 सितम्बर को निमोनिया के चलते आक्सीजन की कमी के कारण गंभीर स्थिति व सांस लेने में दिक्कत के चलते कवर्धा स्थित परिहार हॉस्पिटल लाया गया, बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते परिहार हॉस्पिटल के संचालक व शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ शशि कपूर सिंह परिहार व उनके सहयोगी चिकित्सक डॉ पुष्पराज प्रधान ने बच्चे की स्थिति देखते बच्चे को उच्च चिकित्सा के लिए रायपुर ले जाने की सलाह दी। किन्तु आर्थिक रूप से कमजोर परिजनों ने रायपुर जाने में असमर्थता जताई और जैसे भी हो यही इलाज कराने पर अड़े रहे। परिजनों आर्थिक हालात के चलते बच्चे की जान के खतरा के बावजूद घर ले जाने की जिद को देखते डॉ श्री परिहार ने बच्चे के परिजनो को समझाया और आयुष्मान योजना के अंतर्गत बच्चे को भर्ती कर डॉ परिहार व डॉ प्रधान उनकी पूरी टीम ने 24 घण्टे बच्चे को निगरानी में रख बच्चे की जान बचाने के चैलेंज मानते उपचार शुरू किया। उपचार के दौरान बच्चे को 13 दिनो तक लाइफ सपोर्ट सिस्टम कृत्तिम सांस की मशीन वेंटिलेटर में रखकर गहन उपचार चिकित्सा एवं जीवन वर्धक दवाइयों से उपचार शुरु किया, उसके पश्चात तीन दिनो तक एचएफएनसी मशीन में और तीन दिन ऑक्सीजन के सहारे रखकर बच्चे का स्वास्थ बेहतर होने अस्पताल से छुट्टी दी गई। आर्थिक हालात के ईलाज कराने में असमर्थ मरीज आज निःशुल्क ईलाज और बच्चे की स्वस्थ होने पर परिहार हॉस्पिटल के संचालक उनकी टीम व सरकार की आयुष्मान योजना का आभार व्यक्त किया।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लायंस सेवा सप्ताह का किया गया समापन

**कवर्धा।** कवर्धा। मंगलवार 8 अक्टूबर को ग्राम मगरदा में स्थित ऑक्सी जोन लायंस पार्क में पौधरोपण के साथ ही गांधी सेवा सप्ताह का समापन हो गया। इस वर्ष सेवा सप्ताह के अंतर्गत रानी झांसी बालोद्यान में सफाई व महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री पर संक्षिप्त विचार गोष्ठी, जिला अस्पताल में 160 मरीजों व वृद्धाश्रमों में 40 वृद्धजनों को फल बिस्किट मिठाई वितरण, प्राइमरी स्कूल के न्योता भोज में सभी बच्चों को मीठा नमकीन वितरण, श्रमिकों को 300 फूड पैकेट वितरण तथा नेत्र सुरक्षा हेतु पत्रक वितरण आदि कार्य किए गए। ज्ञात हो कि लायंस इंटरनेशनल के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार विश्व भर में 210 देशों के लायंस क्लब 2 से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाते हैं, जिसके तहत प्रतिदिन अलग अलग क्षेत्रों में सेवाकार्य किए जाते हैं। क्लब के अगले सिग्नेचर कार्यक्रम में प्रति वर्ष की भांति नवंबर दिसंबर माह में आदिवासी इलाकों में कंबल और घरेलू उपयोग की सामग्री वितरित की जाएगी।

### वि.दुर्गावती की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** ग्राम रैतापारा के आदिवासी समाज के युवाओं द्वारा रैतापारा आदिवासी चौक में महान विरांगना गोंड महारानी दुर्गावती के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वीरांगना महारानी दुर्गावती की 500 वी जयंती जन्मशताब्दी जिसमें कबीरधाम जिला जनजाति प्रमुख सचिन धुर्वे उपस्थित थे। मोहल्ले के सियान के रूप में मालिकराम धुर्वे, रज्जू धुर्वे, चैतराम धुर्वे, पप्पू धुर्वे, संदिप धुर्वे, मुकेश धुर्वे, राजतिलक धुर्वे, सोनू धुर्वे, सूरज धुर्वे समस्त मोहल्ले के युवा साथी उपस्थित थे।

**पहल : आवास मेला में उपमुख्यमंत्री ने हितग्राहियों का चरण पखार कर किया स्वागत और सम्मान**

# जिले के 22 हजार परिवार को डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दी पीएम आवास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बुधवार को जिलामुख्यालय कवर्धा के इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय आवास मेला में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के 18 हजार से अधिक आवासहीन ग्रामीण परिवारों को नए स्वीकृत हुए आवास का स्वीकृति पत्र वितरण कर खुशियों की सौगात दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जिले के 04 हजार से अधिक लाभार्थियों को नए आवास की पूर्णतः प्रमाण पत्र और चाबी भेंट की। इस वृहद कार्यक्रम का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का पारंपरिक संस्कृति से चरण पखार कर ग्रामीण परिवारों का सम्मान कर स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मेले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रशिक्षित 250 से अधिक राजमिस्त्रियों को प्रमाण पत्र और टूल किट का भी वितरण किया और उन्हें गुणवत्ता पूर्ण आवास निर्माण के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच, कर्मचारियों, संस्थाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने जिले के चयनित 294 आवास मित्रों को रोजगार पत्र प्रदान किया। जिले के असाक्षर को साक्षर बनाने के उद्देश्य से असाक्षर को अभ्यास पुस्तिका प्रदान की। उपमुख्यमंत्री ने आवास जागरूकता पर आधारित पोस्टर का भी विमोचन किया। आवास मेला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप, लीड बैंक द्वारा बैंकिंग सुविधाओं के लिए कैम्प और खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड आदि के लिए स्टॉल लगाया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में जानकारी देते हुए बताया कि 2011 के सर्वे सूची के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ को 6 लाख 99 हजार 331 आवास दिया गया है। आवास प्लस के तहत 1 लाख 47 हजार 600 आवास मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदनशील सरकार ने पूरे देश के लिए 32 लाख आवास स्वीकृति किए है। जिसमें 8 लाख 46 हजार 931 आवास की स्वीकृति कुल 30 प्रतिशत सिर्फ छत्तीसगढ़ को मिला है। यह प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यह सब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों के कारण संभव हुआ है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, पंडरिया श्रीमती समुंद कुर्रे, सहसपुर लोहारा श्रीमती लीला धनुक वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बीरेन्द्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, ठाकुर पीयूष सिंह, निर्मल द्विवेदी, भुनेश्वर चंद्राकर, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षद उमंग पाण्डेय, श्रीकांत उपाध्याय, मनिराम साहू, सनत साहू, सुनील दोषी, खिलेश्वर साहू, सुरेश दुबे, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, हितग्राही, गणमान्य नागरिक सहित आवास मित्र उपस्थित थे।



### मोर आवास मोर अधिकार का नारा हुआ सार्थक

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने "मोर आवास, मोर अधिकार" के नारे को सार्थक बताते हुए कहा कि यह अभियान सबसे पहले ग्राम कोठार से शुरू हुआ और पूरे प्रदेश में यह नारा चला। उन्होनें बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीणों को अपने आवास के अधिकार को समझाना था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अभियान में शामिल ग्रामीणों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने यह भी कहा कि आज हितग्राहियों की मेहनत और परिश्रम से उनका पक्का आवास का सपना साकार हो रहा है। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इससे सामाजिक स्थिरता और विकास को बढ़ावा मिलेगा।



### सरकार ने पूरा किया घोषणा पत्र का वादाः भावना

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने आवास मेला में नागरिकों और हितग्राहियों को संबोधित करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्वघोषणा पत्र में यह स्पष्ट किया गया था कि जब सरकार बनेगी, तो सबसे पहले मंत्रीमंडल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की स्वीकृति पर हस्ताक्षर करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के तुरंत बाद ही प्रदेश में 18 लाख आवासों की स्वीकृति पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे यह योजना तेजी से लागू हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत हितग्राहियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जैसे बिजली, पानी और स्वच्छता। विधायक ने नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

# पिपरिया में निःशुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर नगर पंचायत पिपरिया में पहली बार निःशुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र में निवासरत गर्भवती महिलाओं को विशेष सुविधा प्रदान की गई। शिविर में 124 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। इसके साथ ही मरीजों का निःशुल्क जांच कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। मरीजों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया और बीपी, सुगर, मलेरिया तथा मौसमी बिमारी के संबंध में जागरूक भी किया गया। नगर पंचायत पिपरिया में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की गई। शिविर को सफल बनाने में कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश में जिला प्रशासन की टीम तथा मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के मार्गदर्शन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं नगर पंचायत पिपरिया के अध्यक्ष विक्की अग्रवाल भी शिविर में आए मरीजों को शासन-प्रशासन की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिलाने सक्रिय नजर आए। जानकारी के मुताबिक 9 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में रेडियोलॉजी, स्त्री रोग विशेषज्ञ , मेडिसिन, सर्जरी, शिशु रोग चिकित्सा विशेषज्ञ की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में कुल ओपीडी 406, कुल एनसी जांच 240, सोनोग्राफी जांच 124, एचआरपी चिन्हांकन 25, बीपी जांच 229, सुगर जांच 229, एचबी जांच 18, एचआईबी टेस्ट 01, मलेरिया जांच 10, चर्म रोग जांच 07, नेत्र परीक्षण 16, चस्मा वितरण 06, शिशु रोग जांच 35 हड्डी रोग से संबंध बीमारी का इलाज 42, मेडिसिन रोग विशेषज्ञ द्वारा 85 मरीज का इलाज, टीबी जांच 05 एवं 98 लोगों की सामान्य जांच की गई।

### अब तक 349 महिलाओं की सोनोग्राफी

यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश में गत 19 जुलाई को पहली बार निःशुल्क सोनोग्राफी कैप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झलमला में आयोजित कया गया था। जिसमे 75 गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी किया गया था। तत्पशचात वनांचल क्षेत्र तरेगाव जंगल मे 88 गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी किया गया। इसी प्रकासर 7 एवं 8 अक्टूबर को वनांचल ग्राम रेगाखार में 134 गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी किया गया। इसी कड़ी में 9 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में 124 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया। जिले में अभी तक 3 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क 349 सोनोग्राफी कैप के माध्यम से किया जा चुका है। इस शिविर में जिला अस्पताल से रेडियोलॉजिस्ट, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ, सर्जरी रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, महिला चिकित्सक एवं पुरूष चिकित्साक, बोड़ला ब्लाक की टीम एवं पिपरिया ब्लॉक की टीम का विशेष योगदान रहा अभी तक इन तीन दिनों तक 349 गर्भवती महिलाओं का निशुल्क सोनोग्राफी किया गया है। यह शिविर सिविल सर्जन डॉ केशव ध्रुव के नेतृत्व में किया गया।

# धान खरीदी के पूर्व भारतीय किसान संघ ने किया सोयाइटी इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी के पूर्व भारतीय किसान संघ सोयायटी इकाई का गठन कर रही है ताकि धान खरीदी के साथ खाद, बीज, उर्वरक वितरण का कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित कराया जा सके और इस दौरान किसानो को होने वाली समस्याओं का समाधान किया जा सके। इसी कड़ी में गत मंगलवार को सेवा सहकारी समिति खपरी/झलमला में भारतीय किसान संघ के सोयायटी इकाई का गठन किया गया। जिसमें संयोजक व सहसंयोजक के साथ सदस्य बनाए गए। इस संबंध में संघ के जि ला ध्य क्ष डोमन चन्द्रवंशी से मिली जानकारी के अनुसार पिपरिया तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी



समिति खपरी/झलमला में बैठक आयोजित कर परस चंद्रवंशी देहरी को संयोजक, डॉ शिव चंद्रवंशी व गामा चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी को सहसंयोजक बनाया गया है। इसी प्रकार सुरेश चंद्रवंशी व कन्हैया चंद्रवंशी गोपालभवना, खेमू विश्वकर्मा, जितेंद्र साहू देहरी, कृष्णा धुर्वे नवागांव को सदस्य बनाया गया है। भारतीय किसान संघ तहसील इकाई पिपरिया के खपरी सोसायटी के सं यो ज क सहसंयोजक व सदस्य की नियुक्ति पश्चात सोसायटी प्रबंधक राकेश चन्द्रवंशी के समक्ष सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों का परिचय कराया गया। वहीं समिति प्रबंधन के समक्ष धान खरीदी के समय धान उपार्जन केंद्र का गेट सुबह 7 बजे अनिवार्य रूप से खोलने, धान खरीदी बोरा/कट्टा में सील ठप्पा कर्मचारियों द्वारा लगाकर किसान को प्रदान करने, धान का तौल 41 किलो ग्राम दिए जाने तथा खाद/उर्वतक खरीदते समय 45/50 किलो तौल करने की मांग रखी गई। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, सिद्धू चंद्रवंशी, यशवंत चंद्रवंशी, विकाश चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, जयराम चंद्रवंशी, प्रवीण चंद्रवंशी, केदार साह, पूना राम चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

# विधायक भावना के रेफरल कोड से 10000 से अधिक लोगों ने ली भाजपा सदस्यता

- 10 हजार सदस्य पूरे होने पर विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2 सितंबर 2024 से प्रारंभ किए गए संगठन सदस्यता अभियान के तहत सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता ली इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के बड़े नेताओं ने फिर से पार्टी की सदस्यता ली। 3 सितंबर को राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इसके बाद राज्य के मंत्रीगण एवं पार्टी के नेताओं ने सदस्यता ली।

इसी कड़ी में संगठन पर्व भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के तहत विधायक भावना बोहरा के रेफरल कोड 7 जीकेकेआरपी कोड के माध्यम से10 हजार से भी ज्यादा लोगो ने सदस्यता ली। विधायक भावना बोहरा के लिंक से 10 हजार सदस्य बनने पर विधायक भावना ने क्षेत्रवासियों के प्रति हृदय से आभार जताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सशक्त नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है।

उन्होने 10 हजार सदस्यों की इस उपलब्धि में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मैं समस्त क्षेत्रवासियों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। पंडरिया विधायक श्रीमती विधायक भावना बोहरा ने एक बार फिर अपने रेफरल लिंक 7 जीकेकेआरपी के मध्यम से जुड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान सुनिचित करने जनमानस से अपील की है।

### धर्मनगरी कवर्धा में निकाली गई 51 मीटर माता रानी की चुनरी यात्रा



**कवर्धा।** धर्मनगरी में मां दुर्गा हर रूप में विराजमान है ऐसे में नवरात्र के पावन पर्व में मां की आराधना के लिए बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल ने विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चुनरी यात्रा निकाली। बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल द्वारा इस 51 मीटर लम्बी चुनरी के साथ चुनरी यात्रा निकाली गई जो कि मां महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। आयोजन समिति के विकाश केशरी ने बताया कि धर्मनगरी कवर्धा की विशेषता रही है कि यहां हर पर्व बड़े ही उत्साह से मनाए जाते है और मातारानी के आराधना के इस महापर्व में हमने यह यात्रा मां की आराधना के लिए निकाली है। जो कि मां महामाया मंदिर में विधिवत पूजन एवं माता को सिंदुरार्चन कर जयकारों के साथ प्रारंभ की गई। उन्होने बताया कि यात्रा के दौरान भक्त जसगीत में झूमते नाचते चल रहे थे। यात्रा मां विंध्यवासिनी मन्दिर पहुंची जहां मातारानी को 51 मीटर लम्बी चुनरी अर्पित की गई एवं सिंदुरार्चन कर सर्वजन कल्याण की कामना व प्रार्थना की गई।

**केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़े लोग**

# भाजपा सदस्यता रथ को जिले में मिली व्यापक सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कबीरधाम द्वारा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के आव्हान एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू के निर्देश में युवा मोर्चा सदस्यता रथयात्रा का शुभारंभ गत 4 अक्टूबर को धर्म नगरी कवर्धा में विराजमान मां महामाया की विधिवत पूजा अर्चना व आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय के कर कमलों से हरी झंडी दिखाकर किया गया था। तब से लेकर अब तक जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनिराम साहू के नेतृत्व में बीते पांच दिनो से जिले के गांव-गांव में इस सदस्यता रथ को व्यापक जनसमर्थन मिला। सदस्यता रथ में शामिल भाजयुमो की 12 सदस्यीय टीम गांव-गांव पहुंचकर लोगों को केन्द्र की मोदी सरकार तथा प्रदेश की विष्णुदेव सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिससे लोग प्रभावित होकर भाजपा से बरबस ही जुड़े। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनिराम साहू ने बताया कि पहले दिन कवर्धा नगर के समस्त महाविद्यालय वह खेल मैदान, कोचिंग चौक चौराहों से होते हुए बाजार में सदस्यता अभियान चलाते हुए दूसरे दिन रथ बोड़ला मंडल के लिए आगे बढ़ गया। इसी प्रकार तीसरे दिन पांडातराई होते हुए मोहगांव में सदस्यता अभियान चलाया गया। चौथे दिन पंडरिया होते हुए कुंडा व पिपरिया मंडल में सदस्यता अभियान चलाया गया। इसी प्रकार पांचवें दिन इंदौरी, रणवीरपुर तथा लोहारा मंडल में सदस्यता अभियान का समापन किया गया। इस सदस्यता अभियान में प्रमुख रूप से सदस्यता प्रभारी सचिन गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रथ प्रभारी रवि राजपूत, जिला महामंत्री योगेश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी अजय सिंह ठाकुर, मिथिलेश बंजारे, जिला मंत्री नीतीश चंद्रवंशी, हेमचंद चंद्रवंशी, अनिल साहू, नरोत्तम साहू सहित सभी मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया।

# साजा विधायक ईश्वर साहू पहुंचे सुतियापाट हिंगलाज माता के किया दर्शन व पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम पंचायत बामी के समीप कर्रानाला एवं सुतियापाट बांध के मध्य ऊंची पहाड़ी पर विराजमान हिंगलाज माता के दर्शन करने बीते मंगलवार को नवरात्र पंचमी के अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू पहुंचे। पंचमी के मौके पर मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा माता का पंचमी श्रृंगार बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ किया गया। हिंगलाज माता, ज्योति कलश के दर्शन, गुफा के अंदर का मनोरम दृश्य एवं ऊंची पहाड़ी हिंगलाज माता मंदिर प्रांगण से सुतियापाट बांध का प्राकृतिक मनोरम नजारा देखकर साजा विधायक ईश्वर साहू बेहद प्रसन्न हुए। हिंगलाज माता के दर्शन पश्चात साजा विधायक ईश्वर साहू सुतियापाट गौशाला भी गए जहां मोतिमपुर सरपंच प्रतिनिधि सेवाराम साहू के साथ गाय एवं बछडो को फल आदि खिलाए। उनके साथ में जिला पंचायत सदस्य राम कृष्ण साहू, सुतियापाट समिति के अध्यक्ष बालूराम जंघेल सिंघनपुरी जंगल, समिति सलाहकार गिरवरराम साहू बामी, अघनलाल साहू कटोरी, थुकेल साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### दुर्गा पंडाल में दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम बीजाझोरी में श्रद्धाभक्ति के साथ नौ दिनों तक श्रद्धालु व भक्तजनों द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वहीं नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा मां दुर्गा पंडाल में सुबह-शाम शानदार व मनमोहक रंगोली व साज सज्जा से दुर्गा पंडाल आकर्षित दिखाई दे रहा है। साथ ही साथ श्रद्धालुओ व भक्तजनों की दर्शन व पूजा-अर्चना कर सुख शान्ति व समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है जिससे ग्राम बिजाझोरी सहित आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ

### राम्हेपुर कला में पीली तितली आगमन से ग्रामीणों में हर्ष



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला निवासी पवन बाचकर के घर के रुमाल पर बैठे तितली का प्रवेश होने से ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर हर्ष उत्साह जताया। मिली जानकारी के अनुसार रूमाल कपडा में बैठकर तितली प्रवेश ले चुके हैं और अंडा भी दे चुका है जिसे देखकर ग्रामीणों मे उत्साह उमंग भरा हुआ है वहीं भोरमदेव में तितली कार्यक्रम का आयोजन हुआ था जिसे कई प्रजाति का तितली पाई गई थी।

मंदिर में मां भगवती के तन्त्रोक्त स्वरूप इन सप्त मातृकाओं का विग्रह विद्यमान है

# नगर के सभी दिशाओं में देवी मंदिर स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शक्तिपीठ सतबहनिया की गुणानवाद करते हैं धर्मनगरी कवर्धा में शक्ति उपासना अत्यंत प्राचीन काल से चली आ रही है। नगर के सभी दिशाओं में देवी मंदिर स्थापित हैं और सिद्ध पीठ हैं। प्राचीन नौ मंदिर में से आज हम राजमहल चौंक के पास स्थापित शक्तिपीठ सतबहनिया के विषय में जानते हैं।

इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि मां सतबहनिया मंदिर का निर्माण कवर्धा नरेश स्व धर्मराज सिंह द्वारा लगभग 1940 में बनवाया गया था। राजा धर्मराज सिंह 1920 में (10वर्ष की उम्र में) गद्दी में बैठे व धार्मिक विचारों से ओत-प्रोत थे। इस मंदिर में मां भगवती के तन्त्रोक्त स्वरूप इन सप्त मातृकाओं का विग्रह विद्यमान है। तंत्रों में मुख्य रूप से आठ शक्तियों को निर्धारण किया गया है, लेकिन इस मंदिर में सात-मूर्तिमान और एक अदृश्य माना गया है।

### प्राचीनतम ग्रन्थों में शक्ति स्वरूपों का विवरण है



इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव में बताया कि सतबहनिया मंदिर में विराजमान मां ब्राह्मी वाहन हंस, मां माहेश्वरी वाहन वृष (बैल), मां कौमारी वाहन मयूर, मां वैष्णवी वाहन गरुड़, मां वाराही वाहन कोई नही, मां नारसिंही वाहन कोई नही व मां ऐन्द्री वाहन कोई नही इस प्रकार प्राचीनतम ग्रन्थों में शक्ति स्वरूपों का विवरण मिलता है और सभी ग्रन्थों में इनके स्वरूप को अनंत बताया गया है। माता का पूजा सेवा श्रीवास्तव परिवार द्वारा किया जा रहा है। तथा दोनों नवरात्रों में ज्योति प्रज्जवलित की जाती है व सतबहनिया मंदिर पूर्वाभिमुख है।

## पंकज पटेल को बैच लगाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर दी पदोन्नति



**हरिभूमि कवर्धा।** पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज कुमार पटेल का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान कर नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव दीपक कुमार झा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में पदोन्नत अधिकारी पंकज कुमार पटेल के कंधे में बैच लगाकर पुलिस अनुविभागी अधिकारी के पद से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया साथ ही पदोन्नत अधिकारी को पदोन्नति के लिए दी। पंकज कुमार पटेल मार्च 2022 से पदस्थ होकर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया के पद पर पदस्थ होकर कार्यरत रहकर लगातार विभिन्न वीआईपी ड्यूटी, लाइन ऑर्डर ड्यूटी एवं विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव के दौरान वरिष्ठ अधिकारी गणों के द्वारा दिए-गए निर्देशों का बेहतर तरीके से निर्वहन कर जिले के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी के साथ-साथ जिलेवासी सामान्य नागरिक गणो से भी बेहतर संबंध स्थापित कर जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। जिसके चलते पदोन्नति पश्चात पुनः कबीरधाम जिले में इनकी नवीन पदस्थापना उच्च पद पर हुआ है। जिससे पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं जिलेवासियो में भारी उत्साह है। जिस पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं जिले के समस्त पुलिस अनुविभागीय अधिकारी व थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा पदोन्नत अधिकारी को पुष्पगुच्छ एवं मिष्ठान खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नक्सल प्रभावित सुंदूर वनांचल क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम कन्हारी (थाना रेगाखार) में 07 से 09 अक्टूबर तक भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में पहली बार इतना बड़ा आयोजन हुआ, जिसमें कबीरधाम, खैरागढ़, बेमेतरा और बालाघाट जिले के सीमावर्ती 25 गांवों की कबड्डी टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन थाना प्रभारी मनीष मिश्रा द्वारा किया गया, जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और टॉस कराकर खेल का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना और पुलिस तथा ग्रामीणों के बीच आपसी विश्वास को सुदृढ़ करना था। पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और विकास कार्यों को गति देने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग एक महत्वपूर्ण रणनीति बन चुकी है। पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के पर्यवेक्षण में उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, सतीश धुर्वे, कृष्ण कुमार चंद्राकर, थाना प्रभारी रेगाखार मनीष मिश्रा की टीम ने मिलकर इस प्रतियोगिता को सफल बनाया।

सामुदायिक पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य न केवल अपराध और नक्सलवाद का मुकाबला करना है, बल्कि ग्रामीणों के बीच पुलिस की सकारात्मक छवि बनाना और उनके साथ संवाद स्थापित करना भी है। यह प्रतियोगिता उसी प्रयास का हिस्सा थी, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवा खेलों में रुचि लें और उन्हें मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिले। कबड्डी जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना पुलिस का एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों में शामिल किया जा सकता है, बल्कि उन्हें नक्सलवाद से दूर रखने के लिए भी प्रोत्साहन मिलता है। कबीरधाम पुलिस ने यह पहल कर यह साबित किया है कि सामुदायिक पुलिसिंग से नक्सलवाद से निपटने में काफी मदद मिल सकती है।

### ग्रामीणों और खिलाड़ियों में उत्साह

ग्राम कन्हारी और आस-पास के गांवों में यह प्रतियोगिता एक उत्सव के रूप में मनाई गई। लगातार तीन दिनों तक चले इस आयोजन के दौरान ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस मौके पर उपसरपंच शिवकुमार खुसरे, पंचराम मरकाम, जोहान मरकाम, गनसु मेरावी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं, पुरुष और खिलाड़ी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल था। ग्रामीणों ने न केवल खेल का आनंद लिया, बल्कि पुलिस और प्रशासन के प्रति अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त की। इस आयोजन ने यह साबित किया कि पुलिस और ग्रामीणों के बीच आपसी सहयोग से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास की राह संभव है।

